प्रेस नोट
थाना रक्सा, झाँसी

दिनांक- 15.06.2026

- **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही,**
- **थाना रक्सा पुलिस व एएनटीएफ झाँसी की संयुक्त टीम द्वारा 04 अभियुक्त गिरफ्तार,**
- **अभि0गण के कब्जे से 350 किग्रा0 गाँजा(कीमत करीब ₹1 करोड़ 75 लाख) 02 वाहन,08 मोबाइल बरामद**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ व पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम मे दिनांक 14.06.2026 थाना रक्सा पुलिस व थाना एएनटीएफ झाँसी की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर चैंकिग कर 04 नफर अभियुक्तगण 1-मुन्ना लाल झा पुत्र सालिकराम झा निवासी 399 आगर मोहल्ला ग्राम मगरौनी थाना नरवर जिला शिवपुरी म0प्र0 उम्र करीब 50 वर्ष 2- बालगोविन्द ओझा पुत्र ओम प्रकाश ओझा निवासी शिव कालोनी पिन्टो पार्क थाना गोले का मन्दिर जिला ग्वालियर म0प्र0 उम्र करीब 31 वर्ष 3- संजय अग्रवाल पुत्र प्रेमचन्द अग्रवाल निवासी गुरुद्वारे के सामने दीक्षित कालोनी, ग्राम व थाना मोहाना जिला ग्वालियर म0प्र0 उम्र करीब 40 वर्ष 4- संजय गौर पुत्र स्व0 रामसिंह गौर निवासी 87, ग्राम व थाना मोहाना जिला ग्वालियर म0प्र0 उम्र करीब 49 वर्ष को सिजवाहा तिराहे ललितपुर मार्ग एनएच 44 से वाहनो में 350 कि0ग्रा0 अवैध मादक पदार्थ गांजा, परिवहन कर ले जाते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना रक्सा पर अभियुक्तगण के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए मु0अ0स0 121/2026 धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- गिरफ्तार अभियुक्तगण से सामूहिक पूछताछ पर अभियुक्त मुन्ना व बालगोविन्द द्वारा बताया गया कि हम लोग काफी लम्बे समय से गांजा तस्करी का काम करते चले आ रहे है लेकिन अभी तक पकड़े नही गये थे इस बार भी हम लोग ने उडीसा जाकर वहाँ पर थोक के भाव सस्ते दाम पर गांजा खरीदा जिसे हम लोग ट्रक मे रखकर और उसके आगे अपनी छोटी गाडी से निगरानी करते हुए उडीसा से उत्तर प्रदेश मे दाखिल हुये हम लोग गांजे को उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के जिलो मे मंहगे दर पर बेच कर अच्छा मुनाफा कमाते है।

अभियुक्तगण का विवरण-

1-मुन्ना लाल झा पुत्र सालिकराम झा निवासी 399 आगर मोहल्ला ग्राम मगरौनी थाना नरवर जिला शिवपुरी म0प्र0 उम्र करीब 50 वर्ष

2- बालगोविन्द ओझा पुत्र ओम प्रकाश ओझा निवासी शिव कालोनी पिन्टो पार्क थाना गोले का मन्दिर जिला ग्वालियर म0प्र0 उम्र करीब 31 वर्ष

3- संजय अग्रवाल पुत्र प्रेमचन्द अग्रवाल निवासी गुरुद्वारे के सामने दीक्षित कालोनी, ग्राम व थाना मोहाना जिला ग्वालियर म0प्र0 उम्र करीब 40 वर्ष

4- संजय गौर पुत्र स्व0 रामसिंह गौर निवासी 87, ग्राम व थाना मोहाना जिला ग्वालियर म0प्र0 उम्र करीब 49 वर्ष

<u>बरामदगी का विवरण-</u>

1. कुल 350 कि0ग्रा0 अवैध मादक पदार्थ गांजा(₹1 करोड़ 75 लाख रू0)
2. 02 वाहन ट्रक रजि0 नं0 UP 80 ET 0669 व कार रजि0 नं0 MP 33 C 4935
3. 08 मोबाइल फोन

गिरफ्तार करने वाली टीमः

<u>थाना रक्सा टीम जनपद झाँसी</u>

1. थानाध्यक्ष डा0 श्री उदय प्रताप सिंह
2. उ0नि0 श्री अंकुश चौहान
3. रि0का0 विशाल यादव
4. का0 सुयश दीक्षित

<u>एएनटीएफ टीम झाँसी</u>

1. प्रभारी उ0नि0 श्री चन्दन पाण्डेय थाना एएनटीएफ झांसी
2. उ0नि0 श्री मनीष कुमार
3. हे0का0 संजय सिंह
4. का0 गजेन्द्र सिंह
5. का0 विमल कुमार
6. चालक हे0का0 अनूप कुमार
7. हे0का0 रामनरेश सिंह
8. का0 प्रदीप कुमार